राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर पोस्टर लोकार्पित किए

जयपुर, 1 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर शुक्रवार को राजभवन में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के 'रक्तदान जनजागरण' पोस्टर लोकार्पित किए। इन पोस्टर के माध्यम से स्वैच्छिक एवं सुरक्षित रक्तदान के बारे में आमजन को जागरूक करने की पहल की गई है।

स्वास्थ्य कल्याण समूह के चेयरमैन डॉ. एस.एस. अग्रवाल ने बताया कि यह ब्लड बैंक गत 26 वर्षों से आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा समय–समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन भी किया जाता है।

इस अवसर पर सांसद श्री रामचरण बोहरा एवं स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

———